# एनजीटी के आदेश के बाद टीम ने किया तुलसी सरोवर का निरीक्षण

## सात सदस्यीय टीम करेगी अतिक्रमण, अवैध निर्माण कार्यों की जांच, वेटलैंड एरिया में बनाई गईं 52 दुकानें

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर की धरोहर तुलसी सरोवर के सौंदर्य को नष्ट करने में माफिया पीछे नहीं हैं और पर्यावरण को नष्ट करते रहे। एक पर्यावरण प्रेमी द्वारा एनजीटी पीठ को मिली शिकायत पर बुधवार को मप्र राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के अधिकारियों समेत 7 सदसीय प्रशासनिक दल ने तुलसी सरोवर के वेटलैंड एरिया का निरीक्षण कर रिपोर्ट कलेक्टर आदित्य सिंह को प्रस्तुत की।



दरअसल पर्यावरण प्रेमी एडवोकेट मैनाक भट्टाचार्य द्वारा एनजीटी पीठ का शिकायत कर कहा गया था कि तुलसी सरोवर तालाब के वेटलैंड एरिया में अवैध निर्माण कर 52 दुकानें, एक टापू निर्माण, कंक्रीट दीवार निर्माण, सार्वजनिक शौचालय निर्माण आदि किए गए हैं, जिस से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिस पर से बीते 25 सितंबर को एनजीटी पीठ के द्वारा तुलसी सरोवर में अवैध निर्माण को लेकर मध्यप्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के अधिकारियों सहित 7 सदस्यीय प्रशासनिक अमले की टीम गठित की गई थी।

**टीम ने किया निरीक्षण:**
गठित टीम ने बुधवार को मेनाक भट्टाचार्य के साथ मौके पर परीक्षण किया गया। टीम में संयुक्त कलेक्टर बृजबिहारीलाल श्रीवास्तव, डॉ.दिनेश दामड़े सहायक वैज्ञानिक अधिकारी राज्य वेटलैंड प्राधिकार भोपाल, व्हीके शाक्य एसएडीओ जल संसाधन, प्रभारी उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश गुना-शिवपुरी-अशोकनगर एवं एडवोकेट मैनाक भट्टाचार्य भोपाल शामिल थे। गठित टीम के द्वारा मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर कलेक्टर को प्रस्तुत की गई। इस दौरान बताया गया कि गठित टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया है, कितना अवैध निर्माण हुआ एनजीटी को प्रतिवेदन भेजा जायेगा। कलेक्टर का कहना कि ये अभी प्रथम तौर पर निरीक्षण है, एक दिसम्बर से पूर्व तुलसी सरोवर तालाब के वेटलैंड एरिया का सीमांकन करा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पर्यावरण प्रेमी मैनाक भट्टाचार्य का कहना है कि जो उनके द्वारा शिकायत की गई थी, उसका निरीक्षण किया गया है, आगे वेटलैंड एरिया में जो भी अवैध निर्माण पाये जाएंगे उक्त एरिया को मुक्त कराने भी वे प्रयासरत रहेंगे। उल्लेखनीय है कि तुलसी सरोवर के आसपास सरकारी जमीनों के अलावा प्राकृतिक सम्पदाओं पर माफियाओं का कब्जा है।



# कार्य में लापरवाही पर सचिव निलंबित, रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**जिपं सीईओ ने किया रातीखेड़ा का निरीक्षण**

**निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर कार्यवाही**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत रातीखेडा जनपद पंचायत अशोकनगर के आंगनबाडी भवन, पंचायत भवन, स्कूल एवं प्रधानमंत्री आवास तथा ग्राम के आंतरिक मार्गों, शांतिधाम एवं भुजरिया तालाब के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम में आंतरिक मार्गों में हो रही गंदगी की साफ-सफाई कराये जाने एवं अवैद्य रूप से निर्मित मकानों का पानी रास्तों में आने से हो रही गंदगी के कारण मकानों के दस्तावेज उपलब्ध कराये जाने तथा पानी निकासी की उचित व्यवस्था कराये जाने, महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाडियों में पोषण वाटिका निर्मित कराये जाने हेतु स्थाल निरीक्षण किया जाकर मौका स्थल पर शासकीय भूमि का सीमांकन कराये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही शासकीय भूमि का चिन्हांकन कराकर पोषण वाटिका का निर्माण हेतु स्थल चयन किया गया। ग्राम पंचायत में जिन हितग्राहियों के द्वारा आवास की किस्त प्राप्त हो चुकी है, आवास का कार्य नहीं किया गया है. ऐसे हितग्राहियों से समक्ष में चर्चा कर 3 दिवस के भीतर जियोटेग किये गये स्थान पर ही आवास का कार्य प्रारंभ कराये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत की नलजल योजना विगत 1 वर्ष से बंद पड़ी है जिसके संबंध में सरपंच सचिव को मोटर इत्यादि की व्यवस्था तत्काल कराये जाने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत के भुजरिया तालाब की भूमि पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण किये जाने के कारण उक्त तालाब का सीमांकन कराये जाने एवं तालाब का जीर्णोद्धार संबंधी कार्य कराये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत में संपत्तिकर, जल कर इत्यादि टेक्स संबंधी कार्यवाही आगामी 7 दिवस में कराये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर एवं सरपंच सचिव, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत रातीखेडा को निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में सरपंच को धारा 40 के तहत एवं सचिव को निलंबित किये जाने संबधी नोटिस जारी करने एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा आवास संबंधी कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण सेवा समाप्त किये जाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जिला कार्यक्रम समन्वयक महिला एवं बाल विकास विभाग आदि के कार्य भी देखे गए।

## एक नजर में



### संस्कार एकेडमी में शहीदों को श्रद्धांजलि, छात्रों ने दिखाया देशभक्ति का जज़्बा

**अशोकनगर।** संस्कार एकेडमी स्कूल में पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मिलकर देश के सभी वीर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य वीसी जयन ने छात्र-छात्राओं को शहीदों के बलिदान और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। वहीं विद्यालय के निदेशक राजदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस बल समाज की सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है, जो दिन-रात जनता की सेवा में तत्पर रहता है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पुलिस के कार्यों, अनुशासन तथा उपयोग में आने वाले शस्त्रों के बारे में जानकारी दी। जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ जाना।

### भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन संपन्न

**अशोकनगर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जिला महिला मोर्चा द्वारा बुधवार को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में महिला मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना, अभियान के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र लोधी, कार्यक्रम की संयोजक भाजपा जिला महामंत्री शीला जाटव, नरेश ग्वाल जिला उपाध्यक्ष अनीता जैन वीरेंद्र सिंह यादव जिला मंत्री लखन यादव सोना कोली सलिल त्रिपाठी धर्मेंद्र रघुवंशी महिला मोर्चा महामंत्री रीना यादव ज्योति खरका , नगर परिषद अध्यक्ष मुंगावली नीतू ग्वाल, अशोकनगर नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा सहित महिला मोर्चा की बहन उपस्थित थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री शीला जाटव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि हम सभी देशवासी स्वदेशी अपनाएं इससे देश आत्मनिर्भर बनेगा। हमें अपने देश में निर्मित वस्तुओं का दैनिक जीवन में इस्तेमाल करना चाहिए। इससे स्थानीय, देश के लोगों को रोजगार मिलने के साथ देश का पैसा देश में ही रहेगा। इससे स्थानीय उत्पादकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन पर लगने वाला टैक्स सरकार को मिलेगा जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से देश के विकास कार्यों में यानी हमारे काम आएगा। उन्होंने कहा कि हम संकल्प लें कि हमारे दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करेंगे। और हमारे देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे।

### नईसराय, ईसागढ़ और चंदेरी में डबल लॉक गोदाम को स्वीकृत कराने की मांग

**अशोकनगर।** चंदेरी विधानसभा में किसानों की समस्या को देखते हुए चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा केंद्रीय मंत्री को एक पत्र के माध्यम से मांग की थी की नईसराय ईसागढ़ चंदेरी में खाद्य वितरण के लिए डबल लॉक गोदाम उपलब्ध नहीं होने से किसानों को अशोकनगर में आते हैं और परेशान होते हैं इस दृष्टि से किसानों को डबल लॉक गोदाम उपलब्ध हो जाएगी तो किसानों खाद की समस्या हल हो जाएगी अत: तीनों जगह डबल लॉक गोदाम खोलने की अनुमति प्रदान कराई जाए, जिससे स्थानीय किसानों को इन गोदामों का लाभ मिल सके।

# बस आगजनी में चालक व मालिक पर FIR

## सिलेंडर मिलने और अग्निशमक यंत्र न मिलने पर किया गया मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विगत दिनों ईसागढ मार्ग पर अचानक से बस में आग लगने की घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत का महौल बना दिया था, हालांकि इस घटना में कोई जनहानि तो नही हुई थी, लेकिन माल हानि जरूर हुई थी, इसी के चलते बुधवार को घटना को लेकर ईसागढ़ थाने में चालक और बस मालिक पर विभिन्न धाराओ के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि 25 अक्टूंबर डेलकेवर गांव के पास ईसागढ रोड पर बालाजी स्लीपर बस में आग लगी लग गई थी, जिसमें सभी यात्री बस के कांच तोड़कर और आपातकालीन दरवाजे से बाहर सुरक्षित निकल आए हैं और बस के आसपास खड़े थे, बस में आग लगातार बढ रही थी, मौके पर खड़े यात्रियों से पूछताछ करने पर कोई जनहानी नहीं होना बताया एवं किसी भी यात्री को चोट भी नहीं आना बताया, तभी मौके पर नगर परिषद ईसागढ, आनंदपुर ट्रस्ट तथा अशोकनगर की दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। बस की आग बुझने पर एवं ठंडी होने पर बस में रखे सामान को चैक किया गया था, उक्त बस में सवारियों के सामान के साथ दो छोटे गैस सिलेंडर पाए गए एवं एक सिलेंडर क्षतिग्रस्त होकर फटा हुआ मिला, अन्य सामान भी जल गया था, बिना जला हुआ माल सुरक्षार्थ पुलिस कब्जे में लिया गया है। बस परिचालक के द्वारा अग्नी या ज्वलनशील पदार्थ के रख रखाव के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण कर ऐसा कार्य किया गया, जिससे दूसरो का जीवन या वैयक्ति सुरक्षा संकट । उत्पन्न हुआ, जली हुई बस में अग्निशमन वस्तु का न पाया जाना, बस में ज्वलनशील वस्तुओं को ले जाने की अनुज्ञा देना और उनका परिवहन करना पाया गया, बस परिचालक मनोज शर्मा का उक्त कृत्य अंतर्गत धारा 287, 125 बीएनएस एवं 176/177 एमव्ही एक्ट का दंडनीय पाया गया, बाद परिचालक पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना में साक्षीयो के कथनों से अन्य बालाजी बस का चालक निरंजन पिता श्यामलाल सेन निवासी परसोरा थाना पठारी जिला विदिशा एवं बालाजी बसके वाहन स्वामी राजेंद्र पिता लालाराम रघुवंशी निवासी खडिया मोहल्ला शाढोरा के आरोपी पाये जाने से उक्त आरोपीगणो को थाने पर तलब किया गया बाद उक्त आरोपीगणों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। वहीं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि पुलिस द्वारा आगामी समय में भी यात्री वाहनों को लापरवाही पूर्वक चलाने, वाहनों में अवैध ज्वलनशील सामग्री रखने एवं सुरक्षा मानकों का पालन न करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।



# गड्ढों और गंदगी से खिलाड़ी हो रहे परेशान

**एनएसयूआई ने कॉलेज प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन**

**नगरपालिका की कार्यशैली पर उठाए सवाल**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नेहरू महाविद्यालय के खेल मैदान की बदहाली पर एनएसयूआई ने प्रश्नचिन्ह खड़े करते हुए नगर पालिका और कॉलेज प्रशासन पर सवाल खड़े किए है, इसके साथ ही एक ज्ञापन कॉलेज प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन के दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने कहा की नेहरू महाविद्यालय में कुछ दिन पूर्व नगरपालिका द्वारा दिवाली पर पटाखों की दुकान लगवाई गई थी जिसको हटे एक सप्ताह हो गया है, दुकान लगाने के लिए जो गड्ढे किए गए एवं ईटे, पत्थर का उपयोग किया गया, वो सब अभी तक वही पड़ा हुआ है और उनसे हुआ जो कचरा पूरे मैदान में फेल गया है। जिससे मैदान की स्थिति खराब हो गई है और खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अभिजीत ने बताया की जिला प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी मैदान में लगातार अभ्यास कर रहे हैं ,लेकिन खेल मैदान में कचरा और गड्ढे होने के कारण काफ़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मैदान की सफाई का कार्य नहीं किया गया, तो एनएसयूआई छात्र हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसका जिम्मेदार नगर पालिका एवं महाविद्यालय प्रशासन होगा।



# भगवान राम पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**सोशल मीडिया पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी**

**टिप्पणी के बाद हिन्दू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन**

नवभारत न्यूज

**नईसरांय।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम पर एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अमर्यादित भाषा लिखने का मामला सामने आया है। मामले में विरोध जताते हुए विहिप और बजरंग दल के अलावा अन्य हिन्दू समुदाय के लोग बुधवार की दोपहर थाने पहुंचकर और सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया ।
वहीं पुलिस को दिए आवेदन में अमरौद गांव निवासी अर्पित पुत्र राजीव रघुवंशी ने बताया कि, इंस्ट्राग्राम पर शिवम जाटव नाम के एक युवक ने भगवान श्री राम के लिए आपत्तिजनक बात लिखी है। जिससे हिन्दू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंची है। मामले की सूचना मिलते ही विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर थाने पहुंचे और शिवम् के खिलाफ हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का थाना प्रभारी को आवेदन दिया। वहीं पुलिस ने शिवम जाटव पुत्र सुनील जाटव पर अपराध 182/25धारा 299 अपराध कायम कर विवेचना में लिया। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर गांव भेजी गई, जहां शिवम जाटव निवासी बड़ौरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।



**कार्यक्रम** | कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नपाध्यक्ष और पूर्व विधायक रहे मौजूद

# नपा ने खिलाड़ियों को समर्पित किया नवनिर्मित बास्केटबॉल ग्राउंड

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगर पालिका द्वारा संजय स्टेडियम परिसर में निर्मित अत्याधुनिक बास्केट बॉल ग्राउंड को बुधवार को जिला बास्केटबॉल संघ को समर्पित किया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व इस ग्राउंड का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया गया था। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष नीरज मानोरिया, जिला कलेक्टर आदित्य सिंह, एसपी राजीव कुमार मिश्रा तथा पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर ग्राउंड को खोल कर जिला बास्केट बॉल को समर्पित किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, नपा सीएमओ विनोद उन्नीतान, जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, पार्षद महेंद्र भारद्वाज, डॉ जयमंडल यादव, राशिद खान, गीता आर्य, विपिन शिवहरे, वही पार्षद प्रतिनिधि गोपाल ओझा, धर्मेंद्र रघुवंशी, सतपाल लोधी, मनीष धुर्रेंटे सहित रंजीत यादव, शीला जाटव, रविन्द्र लोधी, सनत शर्मा, प्रमोद जैन सहित बड़ी संख्या में बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष नीरज मानोरिया ने कहा कि नगर पालिका द्वारा खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने स्टेडियम में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह ग्राउंड खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा। वहीं जिला कलेक्टर आदित्य सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने भी छात्र जीवन में खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए रखा और आज भी खेलों से जुड़े हुए हैं।






# छात्राओं के लिए डिजिटल ई-लाइब्रेरी प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा बुधवार को नेहरू पार्क परिसर में विशेष रूप से छात्राओं के लिए तैयार की गई कन्या डिजिटल ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी द्वारा किया गया। यह ई-लाइब्रेरी केवल छात्राओं के अध्ययन हेतु तैयार की गई है, जहां नि:शुल्क इंटरनेट सुविधा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सभी डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। पहले यह लाइब्रेरी लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए संचालित होती थी, लेकिन अब इसे केवल बच्चियों के लिए समर्पित किया गया है। आने वाले समय में लड़कों के लिए अलग से लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी।



इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानोरिया ने कहा कि इस ई-लाइब्रेरी के माध्यम से छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास किया गया है, जिससे वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। जिला कलेक्टर आदित्य सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ना बहुत जरूरी है, हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए। मैं भी आज तक पढ़ाई करता हूं। यह आपकी सही उम्र है अपने भविष्य को संवारने की इसका सदुपयोग करें। जिला पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका ने छात्राओं के लिए अध्ययन की बेहतर व्यवस्था की है, इसका पूरा लाभ उठाएं और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने छात्राओं से कहा कि अभी आपके पास अवसरों का समय है, इसे व्यर्थ न जाने दें और पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करें। उन्होंने अपने छात्र जीवन की प्रेरक बातें भी बच्चियों के साथ साझा कीं।